

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–19 शुक्रवार, दिनांक–27 फरवरी, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:32 बजे अपराह्न तक।**

[1] **प्रश्नकाल** :–

i. 09 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 02 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
iii. 15 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
iv. 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
v. 129 तारांकित प्रश्न अनागत।

आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित अल्पसूचित प्रश्न संख्या–128 के निस्तारण के दौरान माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कहा गया कि SDRF की उपलब्धता मुख्यालय से लेकर सभी जिलों तक करा दी गयी है। साथ ही सभी माननीय सदस्यों को आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से इसके विस्तार का कार्य किया जा रहा है।

ऊर्जा विभाग से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या–2691 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा कहा गया कि माननीय सदस्यों के सुझाव के आलोक में सरकार इस विषय की समीक्षा कर कार्रवाई करेगी।

[2] **कार्यस्थगन प्रस्ताव** :–

माननीय सदस्य, श्री अखतरुल ईमान द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

तदुपरान्त आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य द्वारा अपना कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

[3] **शून्यकाल** :–

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | श्रीमती शालिनी मिश्रा | (2) | श्रीमती बिनीता मेहता |
| (3) | श्री राधाचरण साह | (4) | श्रीमती श्वेता गुप्ता |
| (5) | श्री रामचन्द्र सदा | (6) | श्री नागेन्द्र चन्द्रवंशी |
| (7) | श्री भीषम प्रताप सिंह | (8) | श्री संजय कुमार पाण्डेय |
| (9) | श्री नीरज कुमार सिंह | (10) | श्रीमती ज्योति देवी |
| (11) | श्री रजनीश कुमार | (12) | श्री बैद्यनाथ प्रसाद |

(13) श्री पप्पु कुमार वर्मा
(14) श्री कृष्णनंदन पासवान
(15) श्री मनोज विश्वास
(16) श्री प्रमोद कुमार सिंह
(17) श्री सुरेंद्र प्रसाद
(18) श्री तारकिशोर प्रसाद
(19) श्री रंजन कुमार
(20) श्री अजय कुमार
(21) श्री राहुल कुमार सिंह
(22) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(23) श्री रोहित पाण्डेय
(24) श्रीमती सावित्री देवी
(25) श्री नीतीश मिश्रा
(26) श्री मिथिलेश तिवारी
(27) श्री मनोज कुमार
(28) श्री जिवेश कुमार
(29) श्री रितुराज कुमार

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत शेष शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना जाता है तथा इसके लिखित उत्तर के लिए इसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाय।

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री उपेन्द्र प्रसाद, श्री विनय कुमार चौधरी एवं अन्य आठ सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित तथा दिनांक 23 फरवरी, 2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पांडे द्वारा दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री बीरेन्द्र कुमार, सुश्री मैथिली ठाकुर एवं अन्य सोलह सभासदों का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री बीरेन्द्र कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, गृह विभाग, श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

इस संबंध में आसन का नियमन हुआ कि सरकार इस विषय की समीक्षा करे और आगे की कार्रवाई करे।

(iii) माननीय सदस्य, डॉ० सुनील कुमार एवं श्री सियाराम सिंह का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, डॉ० सुनील कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

आसन द्वारा माननीय मंत्री को माटीकला बोर्ड के गठन पर विचार करने का निदेश दिया गया।

**[5] याचिकाओं का उपस्थापन :–**

सभा सचिव द्वारा कुल स्वीकृत 532 याचिकाओं का उपस्थापन सदन में किया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02:00 बजे अपराह्न से 04:10 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[6] गैर सरकारी संकल्प :–**

(i) 03 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत।

(ii) 60 गैर सरकारी संकल्प वापस।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–07 के निस्तारण के पश्चात् माननीय अध्यासी सदस्य, श्री आलोक कुमार मेहता ने आसन ग्रहण किया।

गैर सरकारी संकल्प संख्या–49 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किया गया।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत शेष गैर सरकारी संकल्प की सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना जाता है और सदन की सहमति से इसे गैर सरकारी संकल्प समिति के विचारार्थ सुपुर्द किया जाता है।

[' **शोक प्रकाश** :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को श्री पूर्णमासी राम, पूर्व मंत्री, बिहार सरकार एवं पूर्व सदस्य, लोक सभा तथा बिहार विधान सभा के निधन की सूचना दी गयी, जिसके उपरान्त सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

तदुपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार को पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे।

[8] **समापन भाषण** :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा द्वितीय सत्र के समापन के अवसर पर सदन को संबोधित किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय सदस्यों के सदन के प्रति रूचि एवं सहभागिता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए आगामी बजट सत्र से उत्कृष्ट विधायक सम्मान की योजना प्रारम्भ की जाएगी। (समापन भाषण – यथा संलग्न)

तत्पश्चात् उन्होंने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएँ दीं।

तदुपरान्त सभा की बैठक बिहार राज्य गीत के साथ अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–27.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।